04/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

चार राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मतों की गिनती जारी है। असम में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए ने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए ऐतिहासिक जीत हासिल की है। केरल में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट निन्न्यानबे सीटों के साथ सबसे आगे है और सत्ता में वापसी के लिए उसने निर्णायक बढत बना ली है। पश्चिम बंगाल में भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टी.वी.के. ने बहुत बड़ा उलटफेर किया है। पुद्दुचेरी में ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस के एन. रंगासामी के नेतृत्व में फिर एनडीए सरकार बनने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी विशाल बहुमत के साथ सरकार बनाकर इतिहास रचने जा रही है। स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। तृणमूल कांग्रेस पंद्रह साल बाद सत्ता से बाहर हो रही है। दो सौ तीरानबे विधानसभा सीटों के रुझान और परिणाम मिल चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी को 204 सीटों पर बढत मिली है इनमें से वह 113 सीटे जीत चुकी है। असम में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। विधानसभा की एक सौ छब्बीस सीटों में से भाजपा और उसके सहयोगी दल 101 सीट बढत बनाए हुए हैं इनमें से वो सत्तानबे सीटों पर जीत हासिल कर चुके हैं।

0000000000000000000000

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि नई दिल्ली में हाल ही में उद्घाटित अरुणाचल निवास अरुणाचल प्रदेश के लोगों को सहयोग प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अरुणाचल निवास का उद्घाटन रविवार को मुख्यमंत्री पेमा खांदू दवारा किया गया था। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि यह सुविधा राजधानी में रहने के दौरान “घर से दूर एक घर” के रूप में कार्य करेगी और राज्य के लोगों का राजधानी से जुड़ाव को और मजबूत प्रदान करेगी।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने आज तिराप जिले के रामकृष्ण मिशन, नारोत्तम नगर में चार मंजिला बॉएज़ हॉस्टल अभेदानंद भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी गौतमानंद ने की और यह आयोजन पुराने छात्रावास ढांचे के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने छात्रावास के लिफ्ट का उद्घाटन किया, जबकि DoTCL मंत्री वांगकी लोवांग और विधायक वांगलिन लोवांगदोंग ने इंडोर खेल सुविधाओं का शुभारंभ किया। शिक्षा और जनजातीय कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने दो सौ-बिस्तरों वाले नए छात्रावास और चौवालीस स्टाफ क्वार्टर के निर्माण की स्वीकृति की घोषणा भी की।

0000000000000000000000

पापुम पारे जिले के किमिन स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय ने किमिन-पोतिन सड़क पर प्रोजेक्ट अरुणांक के तहत चल रहे अपग्रेडेशन को देखते हुए यातायात नियंत्रण लागू किया है। जारी की गई परामर्श के अनुसार, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और मानसून के कारण सीमित कार्य अवधि में परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की जाएगी। सनिर्धारित समय के अनुसार सड़क निम्न समयों में बंद रहेगी: सुबह पांच बजे से सात बजे तक, फ़िर सुबह नौ बजकर तीस मिनट से दोपहर बारह बजकर तीस मिनट तक और दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक। हालांकि, एंबुलेंस, मजिस्ट्रेट और VIP/VVIP वाहनों को इन प्रतिबंधों से छूट दी गई है।

0000000000000000000000

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (VVP) के तहत एक महत्वपूर्ण पहल में एनसीसी कैडेट्स द्वारा अपर सुबनसिरी जिले के दुंपोरिजो सर्कल के बेलो गांव का दौरा किया गया। गालो जनजाति की बहुलता वाले इस गांव में कैडेट्स को स्थानीय परंपराओं, संस्कृति और ग्रामीण जीवन की गहन जानकारी से अरिचित किया गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स और ग्रामीणों के बीच संवाद स्थापित करना था, ताकि युवा पीढ़ी गालो समुदाय की परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक संरचना को समझते हुए उसकी सराहना कर सके।

00000000000000000000000

संरक्षण, सतत पर्यटन और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देते हुए क्षेत्र की समृद्ध पारिस्थितिकी और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से, तीसरी सियाङ जैव-विविधता बैठक का शुभारंभ गोबुक में हुआ, जिसमें संरक्षण विशेषज्ञ, प्रकृति प्रेमी और स्थानीय समुदाय के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त तालो जेराङ द्वारा किया गया। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण पहलें शुरु हुई, जिनमें GorgeousGobuk.in वेबसाइट का शुभारंभ, ‘The Guardian of Gobuk’ पुस्तक का विमोचन, जैव-विविधता ट्रेल मैप का अनावरण और जर्नल ऑफ ग्रीन स्कूल का प्रकाशन शामिल है।

00000000000000000000000

'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ के अवसर पर, 'स्पीयरहेड गनर्स' द्वारा आज पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, तुतिङ में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों के बीच सैन्य अभियानों में आधुनिक तकनीक की बढ़ती भूमिका के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न प्रकार के ड्रोन प्रदर्शित किए गए। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ड्रोन्स के महत्व और उनकी परिचालन भूमिका पर प्रकाश डाला गया, जिससे छात्रों को निगरानी, टोही और सामरिक अभियानों में उनके उपयोग के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के चौदह ज़िलों ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, सियाङ, लोअर सियाङ, ईस्ट सियाङ, लेपा रादा, आंजाव, लोहित, नामसाई, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गैरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000